[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, शुक्रवार, 06 फरवरी 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 155, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**सुविचार**

अपनी खुशियों की प्रत्येक पल का आनंद लें क्योंकि यह बुढ़ापे का अच्छा सहारा है ।

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

आईआईएमएम का राष्ट्रीय ... 03

04 केंद्रीय बजट 2026 में बच्चों के ...

## खबर संक्षेप

**राज्यपाल श्री बागडे ने आगरा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में पुस्तकालय सेवाओं का रूपान्तरण विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ किया**

### पुस्तकें सभ्यता और संस्कृति की उन्नति का सबसे बड़ा मार्ग : राज्यपाल

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पुस्तकें सभ्यता और संस्कृति की उन्नति का सबसे बड़ा मार्ग है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय ज्ञान




परम्परा से जुड़ी पुस्तकें केवल छपी हुई सामग्री रूप में ही नहीं डिजिटल माध्यमों में देश या समाज की सामूहिक चेतना और प्रतिभा का प्रतिबिम्ब बनती जा रही है। उन्होंने युगानुरूप प्राचीन पुस्तकों और पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए वृहद स्तर पर कार्य किए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल श्री बागडे गुरुवार को आगरा में केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा और भारतीय पुस्तकालय संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में पुस्तकालय सेवाओं का रूपान्तरण विषयक अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर केंद्रीय हिंदी संस्थान ज्ञानकोश का ऑनलाइन शुभारंभ किया। राज्यपाल ने कहा कि दुर्लभ पांडुलिपियों और पुस्तकों के गायब होने की घटनाएं यह बताती है कि कैसे ज्ञान और बौद्धिक विरासत को नष्ट करने के प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ही वह देश रहा है जहां पर विश्व का सबसे पहला और प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद लिखा गया। आज भी पूरा विश्व यह मानता है कि प्रथम उपलब्ध ग्रंथ यही था। अनेक ऋषियों ने इस वेद को कंठ दर कंठ आगे की पीढ़ी को सुनाकर सहेजा और बाद में इसे लिपिबद्ध किया गया। राज्यपाल ने कहा कि हमारी शिक्षा परम्परा को ब्रिटिश सरकार ने रोजगार से जोड़ दिया। पुस्तकें पढ़कर पास होने की यह प्रवृति पुस्तकों को रटने से जुड़ गई। इससे बौद्धिक क्षमता का बहुत नुकसान हुआ। जबकि भारत ज्ञान की समृद्ध उस पुस्तक परम्परा से आरंभ से जुड़ा रहा है जहां पुस्तकों का अध्ययन रटना नहीं होता था बल्कि उससे अपने आपको विकसित करना होता था। इसीलिए हमारे यहां पुस्तकों से विचार संस्कृति का विकास हुआ।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हुआ खुद की छत का सपना

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** ग्राम पंचायत दिवड़ा बड़ा क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना वरदान साबित



हो रही है। योजना के तहत पक्का मकान मिलने से वर्षों से कच्चे मकानों में रह रहे परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिला है। ग्राम पंचायत दिवड़ा बड़ा निवासी कालिया पिता सोमा डोडियार, कचरी पति राजेंग रोत निवासी भीलूड़ा, गट्टू पिता दलजी जोगी, धूलजी दबी पिता सोम डाबी निवासी सेलोता तथा दीपक पिता कालजी पारगी निवासी फलातेड़ ने बताया कि कच्चे मकानों में रहने के कारण विशेषकर बारिश के मौसम में पानी टपकने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए संभव नहीं था। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत तीन किश्तों में कुल 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त होने से वे अपना पक्का मकान बनाने में सफल हुए। नया मकान बनकर तैयार होने के बाद जब उन्होंने परिवार सहित उसमें गृह प्रवेश किया, तो वर्षों का सपना साकार हो गया। लाभार्थियों ने बताया कि पक्का मकान मिलने से अब उन्हें मौसम की मार से राहत मिली है और परिवार सुरक्षित महसूस करता है।

# मुख्यमंत्री का विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस पर जवाब

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब देते हुए पहली बार दो वर्ष की उपलब्धियों का दस्तावेज सदन के पटल पर रखा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने दो साल में पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल की तुलना में अधिक कार्य किए हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में सड़क, बिजली, पानी, कृषि, महिला, युवा कल्याण सहित विभिन्न क्षेत्रों में वर्तमान सरकार द्वारा दो साल में किए गए कार्यों का तुलनात्मक ब्यौरा सदन के सामने रखा और कहा कि राज्य सरकार ने अर्थव्यवस्था को न केवल स्थिरता दी, बल्कि उसे गति और दिशा भी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का एकमात्र ध्येय जनकल्याण है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित तीन कर्तव्य - उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी क्षमताओं का निर्माण करना और सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र पर हम प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। श्री शर्मा ने रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना एवं माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र और भारत की यूरोपियन यूनियन और अमेरिका के साथ ट्रेड डील्स के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत बना चैथी बड़ी अर्थव्यवस्था**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल



नेतृत्व में हमारे देश ने विकास, विश्वास और आत्मसम्मान का एक नया इतिहास रचा है। देश की अर्थव्यवस्था जो 2014 में दुनिया में 11 वें स्थान पर थी। प्रधानमंत्री के सफल प्रयासों, ठोस निर्णयों एवं कुशल नेतृत्व से चैथे स्थान पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन एवं जापान की अर्थव्यवस्था को भी पछाड़कर हमारी अर्थव्यवस्था 4.18 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार करते हुए दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है।

**दो वर्षों में ही राजस्व घाटे में आई 8 हजार करोड़ की कमी**

श्री शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय वित्तीय कुप्रबंधन ने ऐसा हाल कर दिया था कि खजाना खाली, योजनाएं अधूरी और भरोसा टूटा हुआ था। पिछली सरकार ने हमें विरासत में 5 लाख 79 हजार 781 करोड़ रुपए का कर्ज दिया था। बडे. राज्यों की श्रेणी में पंजाब के बाद राजस्थान के ऊपर सर्वाधिक कर्ज था। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में हमारी सरकार के आर्थिक प्रबंधन, सामाजिक स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचारों, बेस्ट प्रैक्टिसेज और प्रशासनिक सुधारों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया



है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में जो राजस्व घाटा 38 हजार 954 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था उसे 2025-26 के बजट अनुमानों में 31 हजार 9 करोड़ रुपये रहने की संभावना व्यक्त की गई है। हमारी सरकार 2 साल में ही राजस्व घाटे को करीब 8 हजार करोड़ रुपए कम करने में सफल रही है।

**2 लाख से अधिक नए कृषि कनेक्शन जारी**

श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान में 22 जिलों के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध हो रही है। हमने बिजली बिलों में 48 हजार 591 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है और 2 लाख से अधिक नए कृषि कनेक्शन जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि रबी 2025-26 में मांग से कहीं अधिक खाद उपलब्ध करायी है। पूर्ववर्ती सरकार के वर्ष 2022 से वर्ष 2024 तक के बकाया फसल बीमा प्रीमियम को हमारी सरकार ने चुकाकर किसानों को राहत देने का काम किया।

1 लाख युवाओं को दी नियुक्तियां, 1 लाख 55 हजार भर्तियां प्रक्रियाधीन

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपरलीक के मामलों में एसआईटी गठित की और 140 एफआईआर

**पहली बार दो साल की उपलब्धियों का दस्तावेज पटल पर रखा**

दर्ज कर 428 से अधिक अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब तक 1 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। 1 लाख 55 हजार से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन है। वहीं, हमने एक लाख सरकारी पदों पर भर्तियों का कैलेंडर भी जारी किया है। दो साल में निजी क्षेत्र में भी युवाओं के लिए 2 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

**अपराधों में आई 14.13 प्रतिशत की कमी**

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कठोर कदमों से विगत 2 वर्षो से अपराध के ग्राफ में निरन्तर कमी आई है। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2025 में 14.13 प्रतिशत अपराधों में कमी दर्ज की गई है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति पर अत्याचार के मामलों में 28 प्रतिशत तथा महिला अपराधों में 10 प्रतिशत की कमी आई है।

**1 करोड़ परिवारों को मिल रहा 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य स्तर में सुधार हो रहा है। पालनहार योजना के तहत 6 लाख 15 हजार से अधिक परिवारों को संबल देते हुए लखपति दीदी योजना के अंतर्गत 16 लाख से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है।

**34 नई नीतियां जारी, प्रदेश में औद्योगिक युग का हुआ सूत्रपात**

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार नीतियों और त्वरित निर्णयों के कारण राजस्थान देशभर में निवेश का प्रमुख केन्द्र बन गया है। प्रदेश के विकास के लिए 34 नीतियां लेकर आए हैं। विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को पूरा करने की दिशा में हमारी सरकार के यह मजबूत कदम हैं। हमने पहले वर्ष में ही राइजिंग राजस्थान का आयोजन कर यहां औद्योगिक क्रांति के नए युग का सूत्रपात किया। इसके तहत किए गए 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश का बिजली तंत्र लगातार मजबूत हो रहा है। पूर्ववर्ती सरकार में कुसुम कम्पोनेंट-सी फीडर लेवल सोलराइजेशन में 4.03 मेगावाट क्षमता का मात्र एक प्लांट ही स्थापित हुआ था जबकि हमारी सरकार ने इस कम्पोनेंट में 2 हजार 329 मेगावाट क्षमता के 898 प्लांट स्थापित किये हैं। साथ ही, कम्पोनेंट-ए में विगत सरकार के समय के 119 मेगावाट क्षमता के 91 प्लांट की तुलना में हमने 426 मेगावाट के 317 प्लांट स्थापित किये हैं।

## घोटारसी ग्राम उत्थान शिविर का जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दिव्यांग को मौके पर मिली व्हीलचेयर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निदेर्शानुसार ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे ग्राम उत्थान शिविरों के तहत गुरुवार को घोटारसी गांव में आयोजित शिविर का जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का अवलोकन किया। शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त सहायता योजना के अंतर्गत 45 वर्षीय दिव्यांग मांगीलाल पाटीदार को मौके पर ही व्हीलचेयर प्रदान कर लाभान्वित किया गया। गंभीर दिव्यांगता के कारण उन्हें आवागमन में अन्य व्यक्ति की सहायता की आवश्यकता पड़ती थी। व्हीलचेयर मिलने से उनकी दैनिक गतिविधियों में सुविधा मिलने के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण सहयोग मिला। लाभ मिलने पर मांगीलाल ने राजस्थान सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। परिजनों ने बताया कि मांगीलाल को पूर्व में निदेशालय विशेष योग्यजन की विभिन्न योजनाओं




का लाभ मिल चुका है। उन्हें ट्राइसाइकिल प्रदान की गई थी तथा दिव्यांग पेंशन की राशि का नियमित भुगतान किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा ग्रामीणों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के वार्षिक सत्यापन शीघ्र करवाने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि जिले में 1 लाख 32 हजार से अधिक पेंशन लाभार्थी हैं, जिनमें से लगभग 22 हजार लाभार्थियों का सत्यापन लंबित है, जिससे भुगतान प्रभावित हो रहा है। समय पर सत्यापन से पेंशन का भुगतान निर्बाध रूप से जारी रह सकेगा। इस अवसर पर एसडीएम अश्विनी मालू, विकास अधिकारी, तहसीलदार, डॉ. टी.आर. आमेटा सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कमल किशोर छात्रावास अधीक्षक, बालूराम मीणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## द कैंसर क्वेस्ट में कैंसर की रोकथाम, शुरूआती पहचान, उपचार, पुनर्वास और फॉलोअप पर हुआ मंथन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर उदयपुर में टीएयू (तंबाकू जागरूकता एवं नशा समझ) की ओर से द कैंसर क्वेस्ट - प्ले फॉर पर्पस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनभागीदारी, संवाद और जागरूकता के नए मानक स्थापित हुए। थर्ड स्पेस, उदयपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, युवाओं और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम में पारंपरिक भाषणों के स्थान पर खेल, टीम आधारित गतिविधियाँ और अनुभवात्मक सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों के माध्यम से कैंसर की रोकथाम, शुरूआती पहचान, उपचार, पुनर्वास और फॉलोअप जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल और व्यावहारिक तरीके से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व कंसल्टेंट ओरल कैंसर सर्जन डॉ. नताशा लालवानी ने किया। इस अवसर पर सोशल वर्कर एवं वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. बलदीप शर्मा ने डॉ. नताशा का सम्मान किया। सोशल वर्कर ज्योति




कुमावत ने भी चिकित्सकों का सम्मान किया। डॉ. बलदीप शर्मा ने इस जागरूकता पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक हैं। डॉ. नताशा लालवानी ने कहा कि जब जागरूकता संवाद और सहभागिता के माध्यम से आती है, तब समाज में वास्तविक और स्थायी परिवर्तन संभव होता है। टीएयू की सह-संस्थापक पल्लवी तोतलानी तथा टीम सदस्य डॉ. सुघनेशा प्रभु और उपासना ने कार्यक्रम को ऊजार्वान और सहभागी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में अर्जोए सॉल्यूशंस, डीएनए

**डॉ. बलदीप शर्मा ने इस जागरूकता पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक हैं।**

वेलनेस, आयोटा डायग्नोस्टिक्स और पैसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सहयोगी संस्थाओं के रूप में सक्रिय रहे। विशेषज्ञ रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अंकुर और डॉ. नेहा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कैंसर से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियाँ दीं। कार्यक्रम में डॉ. बलदीप शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह आयोजन विश्व कैंसर दिवस की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक के अनुरूप रहा और यह संदेश दिया कि कैंसर के प्रति जागरूकता केवल एक दिन तक सीमित नहीं, बल्कि निरंतर सामूहिक जिम्मेदारी है।

**हाईकोर्ट के आदेशों की अनुपालना को लेकर राजसमंद प्रशासन सख्त**

## जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित 16 विभागों के अधिकारियों ने किया संयुक्त निरीक्षण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** उच्च न्यायालय द्वारा ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर हल्दीघाटी एवं रक्त तलाई के संरक्षण को लेकर दिए गए निर्देशों की अनुपालना में राजसमंद जिला प्रशासन ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार 5 फरवरी को जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के नेतृत्व में 16 विभागों के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने दोनों स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर नरेश बुनकर, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, उप वन संरक्षक आर.एन. भाकर, उपखंड अधिकारी रक्षा पारीक, विकास अधिकारी, डीएलआर, पुलिस, एएसआई, आरपीसीबी



सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने रक्त तलाई एवं हल्दीघाटी क्षेत्र में व्यवस्थाओं, स्वच्छता, संरचनात्मक स्थिति और सुरक्षा इंतजामों की गहन समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी, तहसीलदार एवं थानाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि गांव के भीतर से रक्त तलाई जाने वाले मार्ग पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण हटाए जाएं। समझाइश के बाद भी यदि कोई दुकानदार सड़क पर सामान रखता है तो उसे जब्त किया जाए तथा संबंधित सड़क को नो-पार्किंग जोन



घोषित किया जाए। गौरतलब है कि हाल ही में एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने हल्दीघाटी एवं रक्त तलाई की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। न्यायालय ने रक्त तलाई क्षेत्र में खरपतवार की अधिकता, शराब की खाली बोतलें, क्षतिग्रस्त पाथवे, तालाब की दुर्दशा, सीवरेज का पानी पहुंचने जैसी समस्याओं को गंभीर मानते हुए 16 विभागों को पक्षकार बनाया था तथा सभी बिंदुओं पर शपथ पत्र सहित अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सहस्त्रचंडी महायज्ञ के पावन आयोजन में रामकथा का शुभारंभ



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : ईश्वरलाल सुथार**

सलूंबर। जिले के बलदेव भारती धूणी, एमनिया पाडला मठ सुआवतो का गुड़ा में गुरुवार से पवित्र रामकथा का शुभारंभ हुआ। 31 जनवरी से 11 फरवरी तक चलने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सहस्त्रचंडी महायज्ञ के भव्य एवं दिव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता देखी जा रही है। आयोजन के दौरान प्रातःकालीन महाआरती एवं पूजा-अर्चना के साथ दिनभर विधिवत प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। कार्यक्रम में भगवान का महारुद्र, धान्याधिवास सहित विभिन्न आहुतियां श्रद्धा एवं विधि-विधान से पूर्ण की गईं।



बलदेव भारती धूणी के पीठाधीश्वर महंत प्रताप गिरी महाराज ने बताया कि आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में मेवल के पाटवी माव सिंह का आगमन हुआ। साथ ही आसपास के क्षेत्रों से सर्व समाज के श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने मेले में डोलर, चकरी, झूले एवं गरमा-गरम व्यंजनों का आनंद भी लिया।

आयोजन समिति की ओर से पधारने वाले समस्त श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई है। पंडित आचार्य संजय गोविंद जोशी बडावली, आचार्य राकेश व्यास एवं योगेश मेहता द्वारा श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, मां हिंगलाज प्राण प्रतिष्ठा एवं सहस्त्रचंडी महायज्ञ की समस्त प्रक्रिया विधिवत, सुंदर एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराई जा रही है।

# सोशल मीडिया: संवाद का माध्यम या निजता का संकट?

आज संचार क्रांति का युग है। हर कोई सोशल मीडिया,एआइ का प्रयोग कर रहा है। आधुनिक दौर में सोशल मीडिया ने हमारे अनेक कार्यों को आसान और सरल बनाया है। दूसरे शब्दों में कहें तो सोशल मीडिया ने संवाद को जितना सरल और व्यापक बनाया है, उतना ही जटिल निजता का प्रश्न भी खड़ा कर दिया है। आज व्यक्ति अपने जीवन के निजी क्षण-तस्वीरें,रील बनाकर अपने विचार, स्थान और दिनचर्या स्वेच्छा से सार्वजनिक मंचों पर साझा कर रहा है। यह सब आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर साझा करना कभी-कभी आत्म-अभिव्यक्ति का माध्यम होता है, तो कई बार अनजाने में अपनी निजता को जोखिम में डालने का कारण बन जाता है। लाइक और व्यू की होड़ में निजी सीमाएँ धुंधली होती जा रही हैं। यहां यदि हम सरल शब्दों में कहें तो आज के समय में तकनीक हमारी ज़िंदगी की पल-पल की अहम व महत्वपूर्ण जरूरत बन चुकी है। मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने काम आसान और तेज कर दिए हैं, लेकिन इसके साथ एक बड़ा खतरा भी जुड़ा है-निजता का खतरा। आज के समय में अधिकांश लोगों के पास स्मार्टफोन है और वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि ऐप या प्लेटफॉर्म पर साइन-अप करते समय जो निजी जानकारी वे देते हैं, उसका गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। कई बार यह जानकारी हमारी अनुमति के बिना किसी और को दी जा सकती है। बहरहाल,यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारत ही नहीं आज संपूर्ण विश्व स्तर पर स्मार्टफोन उपयोग तेजी से सर्वव्यापी हो चुका है। 2025 के आसपास उपलब्ध ताजा वैश्विक अनुमानों के अनुसार दुनिया में लगभग 6.8-7.1अरब लोग स्मार्टफोन का उपयोग कर रहे हैं, जबकि सक्रिय स्मार्टफोन डिवाइसों की संख्या 7 अरब से अधिक मानी जाती है, क्योंकि कई उपयोगकर्ताओं के पास एक से अधिक फोन हैं। इसका अर्थ यह है कि वैश्विक आबादी का करीब 85-90 प्रतिशत हिस्सा किसी न किसी रूप में स्मार्टफोन से जुड़ चुका है। यदि हम यहां पर भारत की बात करें तो देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार बन चुका है। साल 2024-2025 के आंकड़ों के अनुसार भारत में स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या लगभग 65-70 करोड़ (650झ700 मिलियन) है, जो कुल जनसंख्या का करीब 45झ50 प्रतिशत बैठती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और 4जी/5जी नेटवर्क के विस्तार के कारण यह संख्या तेजी से बढ़ रही है और विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार 2026 तक भारत में स्मार्टफोन उपयोगकर्ता 100 करोड़ के आसपास पहुँच सकते हैं । इस क्रम में यहां यह गौरतलब है कि एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मेटा और व्हाट्सऐप को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने साफ कहा कि कोई भी कंपनी नागरिकों की निजी जानकारी के साथ मनमानी नहीं कर सकती और निजता के अधिकार से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज का जमाना डिजिटल है और इस डिजिटल युग में आज मोबाइल नंबर, बैंक खाता, आधार जैसी जगहों पर हमें अपनी निजी और कभी-कभी बायोमेट्रिक जानकारी भी देनी पड़ती है। अगर यह जानकारी गलत हाथों में चली जाए, तो बड़ा नुकसान हो सकता है। समस्या यह भी है कि यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि हमारी जानकारी आखिर कहां-कहां पहुंच चुकी है।सोशल मीडिया पर भी यही खतरा रहता है, क्योंकि ज्यादातर लोग नियम और शर्तें पढ़े बिना ही सहमति दे देते हैं। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में यह बात कही कि ये शर्तें इतनी जटिल भाषा में लिखी जाती हैं कि आम आदमी उन्हें समझ ही नहीं पाता। इसे निजी जानकारी चुराने का एक सभ्य तरीका कहा गया, जिसे मंजूरी नहीं दी जा सकती। माननीय कोर्ट ने यह भी कहा कि सुरक्षा और पहचान के नाम पर जानकारी लेना ठीक है, लेकिन जो लोग निजता के अधिकार का उल्लंघन करते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ता की गतिविधियों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं-क्या देखा, क्या पसंद किया, कहाँ गए और इस डेटा का उपयोग विज्ञापन, प्रोफाइलिंग और कभी-कभी राजनीतिक या व्यावसायिक हितों के लिए किया जाता है। वास्तव में, डेटा लीक, अनधिकृत ट्रैकिंग और फेक प्रोफाइल जैसी समस्याएँ निजता के हनन को और गंभीर बनाती हैं।



सनत जैन
पदमावत मीडिया
@padmavatmedia.in

## खबर संक्षेप

नारी शक्ति महिला सशक्तिकरण:

### 5 साल में करोड़ों के टर्नओवर का अवसर

इंदौर @ पदमावत मीडिया। लुनिया विनायक ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा संचालित नारी शक्ति महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम महिलाओं को




आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत पहल है। इस योजना से जुड़कर महिलाएं नियमित आय के साथ 5 वर्षों में करोड़ों रुपये के टर्नओवर वाला स्वयं का व्यवसाय खड़ा कर सकती हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को गृह उद्योग से उद्यमिता की ओर ले जाया जाएगा। इसमें फूड इंडस्ट्री, हैंडिक्राफ्ट, वुडन क्राफ्ट, स्मॉल स्किल फार्मिंग एवं बी-फार्मिंग जैसे रोजगारोन्मुख उद्योग शामिल हैं। लुनिया विनायक ग्रुप महिलाओं को न्यूनतम निवेश में छछढ रजिस्ट्रेशन, आवश्यक मशीनरी, कच्चा माल, कार्य प्रशिक्षण तथा तैयार उत्पादों की बाय-बैक सुविधा उपलब्ध कराएगा। उद्योग 0% लॉस और 0% वेस्टेज मॉडल पर संचालित होगा, साथ ही सभी सरकारी कंप्लायंस की जिम्मेदारी भी ग्रुप द्वारा ली जाएगी। ग्रुप के अनुसार, प्रत्येक महिला अपने उद्योग के माध्यम से 10 से 50 लोगों को रोजगार दे सकेगी। यदि 10,000 महिलाएं जुड़ती हैं, तो लगभग 5 लाख रोजगार सृजन संभव होगा।

### तस्मै श्री गुरुवै नम: गुरु वंदन कार्यक्रम में शिक्षकों का गरिमामय सम्मान, शिक्षा सेवा को किया नमन

संवाददाता : दीपक शर्मा

कानोड़ @ पदमावत मीडिया। नगर पालिका क्षेत्र स्थित पीएम श्री चतुर उच्च माध्यमिक विद्यालय में मेवाड़ विश्वविद्यालय एवं पीएम




श्री चतुर उच्च माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गुरु वंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तुलसी अमृत उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक शर्मा द्वारा शारदा वंदना के सुमधुर गायन से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएम श्री चतुर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश मेघवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में रावतपुरा स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश पुरोहित उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि तुलसी अमृत संस्थान के मंत्री हेमंत डूंगरवाल, चन्द्रेश दक तथा मेवाड़ विश्वविद्यालय के वीरेंद्र सिंह भाटी रहे। कार्यक्रम में आसपास के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को संबोधित करते हुए मंत्री हेमंत डूंगरवाल ने कहा कि गुरु का स्थान देवता से भी ऊपर है और शिक्षक समाज के भविष्य का निर्माण करते हैं। ऐसे सम्मान समारोह शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाने के साथ शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। राजेन्द्र व्यास, रमेश पुरोहित एवं चन्द्रेश दक ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षक सम्मान को समय की आवश्यकता बताया और ऐसे आयोजनों की निरंतरता पर जोर दिया। चन्द्रशेखर सोनी ने सम्मानित होने वाले शिक्षकों का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में परींडा अभियान से जुड़े शिक्षक दीपक शर्मा के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार पीएम श्री चतुर उच्च माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता निर्मल पुरोहित रहे। उन्होंने विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रदान की जा रही छात्रवृत्तियों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से जोड़कर उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन भी निर्मल पुरोहित द्वारा किया गया।

### टी. रविकान्त उदयपुर आएंगे

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव टी. रविकान्त शुक्रवार को वायुयान द्वारा जयपुर से उदयपुर आएंगे। वे शुक्रवार को ग्रामीण उत्थान शिविर का निरीक्षण करेंगे एवं इस संबंध में की जा रही गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। रात्रि विश्राम उदयपुर में रहेगा। वे शनिवार को जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## एशियन लेक्रोज गेम्स भारत का दबदबा जारी



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। सऊदी अरब के रियाद में चल रहे एशियाई लैक्रोज गेम्स 2025-26 में भारत की महिला व पुरुष दोनों टीमों ने अपने प्रदर्शन से फाइनल में प्रवेश किया। भारत के दल प्रबंधक इमरान लारी ने बताया कि प्रतियोगिता के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तानी टीम को 12-7 से पराजित किया। मैच के दौरान दोनों ही टीमों के स्थानीय समर्थकों के उत्साह वर्धन के बीच शानदार मुकाबला खेला गया जिसमें भारतीय टीम के मुख्य स्ट्राइकर मोहनलाल गमेती ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। मोहन लाल इराक के खिलाफ मुकाबले में चोट ग्रस्त हो गए थे तथा ठुड्डी पर नौ टांके आए फिर भी देश के सम्मान के लिए मैदान पर उतरे। इससे पूरी टीम में जोश का संचार हुआ और वे प्रशिक्षक नीरज बत्रा व तकनीकी अधिकारी शकील खान के निदेर्शानुसार योजनाबद्ध सामंजस्य पूर्ण खेल से 12-07 के आवश्यक गोल अंतर से बड़ी जीत दिलाने में कामयाब रहे। मैच में मोहनलाल गमेती ने 5, निशान नागदा ने 3, दयाशंकर गमेती व आशीष ने 2-2 गोल किए वहीं कप्तान टी अनुदीप रेड्डी, उप कप्तान गुनीश सिंह बेदी, खुमाराम गमेती, हर्ष नैयर, बेलागल हुसैन के मजबूत रक्षण तथा युवा गोलकीपर नारायण लाल गमेती ने कई निश्चित गोल बचाकर टीम को जिताने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुरुष वर्ग में पाकिस्तान पर जीत से भारत वर्ष के ही नहीं स्थानीय समर्थकों में भी हर्ष के लहर रही इन्होंने भारत माता की जय के नारों से स्टेडियम को गूंजायमान किया। पुरुष वर्ग में भारत, इराक व मेजबान सऊदी अरब के राउंड रोबिन लीग मुकाबलों के पश्चात बराबर अंक होने पर बेहतर गोल अंतर से भारत व इराक ने फाइनल में प्रवेश किया । लीग मुकाबले में भारत को पराजित करने वाली मेजबान सऊदी अरब तीसरे स्थान के लिए पाकिस्तान से मुकाबला

## एसीबी के शिकंजे में कुकटपल्ली जोन के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर व कंप्यूटर ऑपरेटर

हैदराबाद @ पदमावत मीडिया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के कुकटपल्ली जोन में पदस्थ सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर और एक कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी रंगारेड्डी रेंज की टीम ने दोनों आरोपियों को कार्यालय में ट्रैप कार्रवाई के दौरान पकड़ा। एसीबी के अनुसार आरोपी नंबर एक पोद्दुतुरी चिन्ना रेड्डी, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर, कार्यालय जोनल कमिश्नर, कुकटपल्ली जोन, जीएचएमसी ने आरोपी नंबर दो बालासानी प्रवीण कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर (आउटसोर्सिंग) के माध्यम से शिकायतकर्ता से 15 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

यह रिश्वत शिकायतकर्ता द्वारा कराए गए कार्यों के सत्यापन तथा लगभग 1 करोड़ 40 लाख रुपये के बिलों को आगे बढ़ाकर जोनल कमिश्नर से स्वीकृति दिलाने के एवज में मांगी गई थी। ट्रैप कार्रवाई के दौरान 15 लाख रुपये की रिश्वत राशि आरोपी नंबर दो बालासानी प्रवीण कुमार के कब्जे से, उसी के बताए अनुसार बरामद की गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि दोनों आरोपियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अवैध लाभ प्राप्त करने के लिए कर्तव्यों का अनुचित और बेईमानीपूर्ण तरीके से निर्वहन किया। एसीबी ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय, एसपीई एवं एसीबी प्रकरण, नामपल्ली के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। सुरक्षा कारणों से शिकायतकर्ता का विवरण गोपनीय रखा गया है।

## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में रोबोथॉन का आयोजन

### वैश्विक प्रतिस्पर्धा में नवाचार ही प्रगति का मार्ग : कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

कोटा। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में रोबोटिक्स क्लब की ओर से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार, तकनीकी दक्षता एवं समस्या समाधान कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय रोबोथॉन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं एम्बेडेड सिस्टम से जुड़े सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर आधारित नवाचारी समाधान प्रस्तुत किए।

सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि यह हैकाथॉन छात्रों को उद्योग जगत की मांगों एवं बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के अनुरूप तकनीकी कौशल विकसित करने का सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। रोबोथॉन में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से विभिन्न चरणों के बाद 12 टीमें अंतिम चरण तक पहुंचीं। प्रतिभागियों ने स्वनिर्मित रोबोटों के माध्यम से निर्धारित तकनीकी चुनौतियों का सफल समाधान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान इनोवेटिव रोबोट मॉडल सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रोबोथॉन ने विद्यार्थियों में सॉफ्टवेयर-हार्डवेयर इंटीग्रेशन, टीमवर्क एवं समस्या समाधान क्षमता को मजबूती प्रदान की और विश्वविद्यालय में तकनीकी नवाचार की दिशा में एक नया आयाम जोड़ा।

इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी ने कहा कि वर्तमान युग में रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य की आधारशिला हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी क्षेत्र में नवाचार ही प्रगति का सशक्त माध्यम है। कुलगुरु ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता एवं टीम भावना की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रजिस्ट्रार डॉ. भावना शर्मा ने तकनीकी ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की। डीन फैकल्टी अफेयर्स डॉ. दिनेश बिड़ला, डॉ. डी. के. पलवलिया एवं डॉ. हरीश शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें निरंतर सीखने एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की निगरानी एवं प्रशासनिक सहयोग में एसएसी चेयरमैन डॉ. राजश्री तापरिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पूरे आयोजन







का नेतृत्व रोबोटिक्स क्लब के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपक भाटिया ने किया। उनके मार्गदर्शन में रोबोटिक्स क्लब की टीम ने आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया। हैकाथॉन के आयोजन में तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों प्रतीक, गार्गी, यश, कामना, आयुष, दिव्यांश एवं देवेंद्र सहित रोबोटिक्स क्लब की कोर टीम की सक्रिय भूमिका रही।

## सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री से की शिष्टाचार भेंट





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

नई दिल्ली। राजसमंद सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने संसद भवन, नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राजसमंद संसदीय क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, वन संवर्धन एवं जलवायु परिवर्तन से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों हेतु मंत्री जी का आभार व्यक्त किया। भेंट के दौरान क्षेत्र में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, हरित आवरण बढ़ाने तथा सतत विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं मेघालय के माननीय मुख्यमंत्री कॉनरैड के. संगमा जी से भी सौहार्दपूर्ण मुलाकात हुई। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि केंद्र और राज्यों के समन्वय से पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण मिल सके।

## रीको औद्योगिक क्षेत्रों के लिए अवाप्त निजी भूमि अधिग्रहण के बदले खातेदारों को मिलेगी विकसित भूमि

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। उदयपुर। रीको की ओर से अधिग्रहित भूमि के खातेदारों को नकद मुआवजे के एवज में विकसित भूमि के आवंटन करने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर उदयपुर जिले के औद्योगिक क्षेत्रों के लिए अवाप्त भूमि से संबंधित खातेदारों के लिए आयोजित होगा। रीको के अतिरिक्त महाप्रबंधक अजय पण्डया ने बताया कि यह शिविर 10 एवं 11 फरवरी समय प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक स्थान रीको कार्यालय मादडी औद्योगिक क्षेत्र रोड नंबर 2 में आयोजित किया जायेगा। पंड्या ने बताया कि नई नीति के तहत जिन खातेदारों की भूमि का पूर्व में अधिग्रहण हो चुका है और जिन्होंने अवार्ड के अनुसार मुआवजा राशि अंतिम रूप से प्राप्त नहीं की है एवं अवाप्तशुदा भूमि का कब्जा उनके पास ही है, वे अवाप्त भूमि के बदले विकसित भूमि के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिन प्रकरणों में मुआवजा राशि न्यायालय में जमा है एवं कब्जा खातेदारों के पास ही है, वे भी नीति के अनुसार विकसित भूमि हेतु आवेदन कर सकेंगे। नई नीति के अनुसार विकसित भूमि के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 2 मार्च 2026 निर्धारित है। उक्त नीति की समस्त जानकारी भी खातेदारों को इस शिविर में प्रदान की जायेगी। नीति के प्रावधानों के अनुसार, पात्र खातेदार भूमि के बदले 20 प्रतिशत आवासीय, औद्योगिक एवं 5 प्रतिशत वाणिज्यिक विकसित भूमि प्राप्त कर सकते हैं। यदि वाणिज्यिक भूमि उपलब्ध नहीं है अथवा खातेदार वाणिज्यिक भूमि नहीं लेना चाहता, तो 30 प्रतिशत आवासीय, औद्योगिक भूमि के लिए आवेदन किया जा सकता है। पात्र प्रकरणों में विकसित भूमि का आवंटन रीको मुख्यालय से निर्णय होने के पश्चात लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

## जिले भर में विभिन्न गिरदावर सर्कल में गुरुवार भी आयोजित हुए शिविर, समस्याओं का समाधान होने से आमजन को मिली राहत, खिले चेहरे

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश भर में किसानों और आमजन को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए ग्राम उत्थान शिविरों के तहत गुरुवार को विभिन्न आईएलआर सर्कल पर शिविर आयोजित हुए। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने शिविरों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कृषि विभाग के संयुकत निदेशक सुधीर वर्मा ने बताया कि फलासिया में आयोजित शिविर में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को एसडीएम, बीडीओ, तहसीलदार, समाजसेवी भेरूलाल प्रजापत, किसान नेता प्रेमचंद, जिला परिषद सदस्य धूलीराम, एवं वार्ड पंच रोशन लाल भगोरा के हाथों से वित्तीय स्वीकृतियां वितरित की गई। जिसमें बैलों द्वारा खेती योजना में 60 किसानों को 30-30 हजार की दर से कुल 18 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त कृषि यंत्र की 1.25 लाख तथा दो लाभार्थियों को 1.10-1.10 लाख की स्वीकृतियां प्रदान की गईं। वहीं गोवर्धन जैविक योजना के तहत 15 कृषकों को 10-10 हजार की दर से कुल 1.50 लाख की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई। शिविर में कृषि विभाग से सहायक कृषि अधिकारी हरिराम डामोर, कृषि पर्यवेक्षक रितु राणावत एवं कमलेश खराड़ी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



जिला परिषद सीईओ ने किया निरीक्षण

मावली के घासा में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का जिला परिषद सीईओ रीया डाबी ने निरीक्षण किया। उन्होने शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए और लाभार्थियों को लाभ वितरित किए। गुरूवार को जिले में गुरूवार को गुड़ली, घासा, करणपुर, बड़गांव, पुनावली, महाडी, कोजावाडा, बड़ला, कनबई एवं ईसवाल में ग्राम उत्थान शिविर आयोजित हुए। शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, राजस्व, कृषि विपणन, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित 16 विभागों की सहभागिता रही। शिविरों में तारबंदी, पाईप लाईन, फार्म पौण्ड, बैलों से खेती योजना के अन्तर्गत प्रोत्साहन राशि की स्वीकृतियां, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, बीज मिनिकिट वितरण का सत्यापन करने के साथ ही फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पम्प संयंत्र इत्यादि की स्वीकृतियां और मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य किए गए। इसी प्रकार स्वामित्व कार्डों का वितरण, नहरों एवं खालों की मरम्मत की आवश्यकताओं का चिन्हीकरण, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत पंजीकरण एवं युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य कार्य भी संपादित किए।

## खबर संक्षेप

### पुण्यतिथि पर पद्म विभूषण डॉ डी एस कोठारी को श्रद्धांजलि

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** लब्ध प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, दार्शनिक चिंतक एवं महान शिक्षाविद् पद्म विभूषण डॉ डी एस कोठारी की पुण्यतिथि पर मंगलवार 4 फरवरी 2026 को



फतहसागर पाल पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने प्रार्थना कर उनके विज्ञान, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से डॉ के एल कोठारी, इंजीनियर आर के चतुर, डॉ महीप भटनागर, इंजीनियर एम पी जैन, डॉ के पी तलेसरा, इंजीनियर एस सी के वेद, इंजीनियर अशोक जैन, इंजीनियर आर के खोखावत, शांतिलाल भण्डारी, डॉ के एल तोतावत, इंजीनियर एम के मेहता, मुनीष गोयल, इंजीनियर आर के नेभनानी, इंजीनियर वाई के बोलिया, डॉ सुजान सिंह, वर्धमान मेहता सहित अनेक नगरवासी उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने डॉ डी एस कोठारी के व्यक्तित्व और कृतित्व को राष्ट्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के तहत बोरी में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** ग्राम पंचायत बोरी में आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया



गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरी में आयोजित कार्यक्रम में आरोग्य मित्र एवं आरोग्य सखी को उनके दायित्वों के बारे में जानकारी दी गई। औषधालय प्रभारी डॉ. रेखा लबाना ने आयुर्वेदिक दिनचर्या, घरेलू उपचार एवं स्वस्थ जीवनशैली पर प्रकाश डाला। चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल डामोर ने टीबी उन्मूलन, गैर संचारी रोगों, महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य तथा नशा मुक्ति पर जानकारी दी। योग प्रशिक्षक हिमांशु ने नियमित योग के लाभ बताए। कार्यक्रम के अंत में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बोरी के तत्वावधान में व्यसन मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

**पुलिस थाना भीण्डर की कार्यवाही**

### अफीम व गांजा की अवैध फसल पर बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में पौधे जब्त

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना भीण्डर ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए अफीम व गांजा की अवैध फसल पर बड़ी कार्रवाई की है।



मुखबिर सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में भारी मात्रा में अफीम और गांजा के हरे पौधे जब्त किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 3 फरवरी 2026 को ग्राम पंचायत पाणुन्द के गांव भीखावनिया में रामदेव तिराये से कानोड़ रोड की ओर स्थित महेन्द्र सिंह पिता भैरूसिंह निवासी भीखावनिया के चार टूकड़ी खेत पर पुलिस टीम ने दबिश दी। मौके पर अवैध रूप से उगाई जा रही मादक पदार्थ गांजा की फसल के 10 बोरे हरे पौधे कुल वजन 369.500 किलोग्राम तथा अवैध मादक पदार्थ अफीम की फसल के 9 बोरे हरे पौधे कुल वजन 597.880 किलोग्राम पाए गए, जिन्हें मौके पर जब्त किया गया। इस संबंध में पुलिस थाना भीण्डर पर प्रकरण संख्या 13/2026 धारा 8/18 एवं 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान पुलिस थाना खेरोदा द्वारा किया जा रहा है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी पूनाराम गुर्जर, हेड कांस्टेबल कानाराम, कांस्टेबल जालिम सिंह, हिंगलाजदान, रिकूराम, मानसिंह, निखिल, हेमन्त, लोकेश, छुट्टनलाल तथा महिला कांस्टेबल जयेन्द्र और सुमित्रा शामिल थे।

# आईआईएमएम का राष्ट्रीय सप्लाई चेन एक्सीलेंस अवॉर्ड्स श्रेष्ठम 7 फरवरी को उदयपुर में

**राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार संगठनों व व्यक्तियों को मिलेंगे 16 प्रतिष्ठित अवॉर्ड**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मटेरियल्स मैनेजमेंट (आईआईएमएम) की उदयपुर शाखा की ओर से सिग्नेचर इवेंट के चौथे संस्करण के तहत राष्ट्रीय सप्लाई चेन एक्सीलेंस अवॉर्ड्स श्रेष्ठम का भव्य आयोजन 7 फरवरी को उदयपुर में किया जाएगा। पहले तीन वर्षों तक राज्य स्तरीय रूप में आयोजित इस कार्यक्रम को इस वर्ष पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार दिया गया है, जिसमें देशभर के संगठनों एवं सप्लाई चेन प्रोफेशनल्स को 16 विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा।

आईआईएमएम उदयपुर शाखा की चेयरपर्सन प्रिया मोगरा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस अवॉर्ड कार्यक्रम के लिए देशभर से लगभग 300 आवेदन प्राप्त हुए थे।







विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से 16 उत्कृष्ट संगठनों और व्यक्तियों का चयन किया गया है, जिन्हें कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अवॉर्ड्स दो प्रमुख श्रेणियों में दिए जाएंगे। उद्योग क्षेत्र श्रेणी में संगठनों और टीमों के लिए लॉजिस्टिक्स सेक्टर सप्लाई चेन एक्सीलेंस अवॉर्ड, मैन्युफैक्चरिंग सप्लाई चेन एक्सीलेंस अवॉर्ड, सर्विस सेक्टर सप्लाई चेन एक्सीलेंस अवॉर्ड तथा पब्लिक सेक्टर सप्लाई चेन एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किए जाएंगे।

इसी तरह व्यक्तिगत श्रेणी में सप्लाई चेन स्ट्रेटेजी एवं डिजाइन अवॉर्ड, सस्टेनेबल सप्लाई चेन एवं रिसाइक्लिंग अवॉर्ड, सप्लाई चेन इनोवेशन अवॉर्ड, ईएक्सआईएम सप्लाई चेन एक्सीलेंस अवॉर्ड, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अवॉर्ड, वेयरहाउस इनिशिएटिव अवॉर्ड तथा 35 वर्ष तक की आयु के युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए राइजिंग स्टार अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रोक्योरमेंट एक्सीलेंस, क्लीन ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक्स तथा बेस्ट कस्टमर सर्विस अवॉर्ड भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

अवार्ड समिति के चेयरमेन डीसी झंवर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आंध्रप्रदेश से राज्यसभा सांसद एवं रामे ग्रुप के संस्थापक अयोध्या रामी रेड्डी होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा रहेंगे। कार्यक्रम में आईआईएमएम की कार्यकारिणी के सदस्य सहित देशभर से करीब 250 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

कार्यक्रम संयोजक अनिल मिश्रा ने बताया कि सप्लाई चेन प्रबंधन गति, लागत और स्थिरता के बीच संतुलन का कार्य है। आईआईएमएम की उदयपुर शाखा लंबे समय से कार्यशालाओं, सेमिनारों और शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से इस क्षेत्र में पेशेवर दक्षता को बढ़ावा देती आ रही है। अब ह्यश्रेष्ठमह्व अवॉर्ड्स के माध्यम से पूरे देश में सप्लाई चेन मैनेजमेंट के उत्कृष्ट कार्यों को पहचान देने का प्रयास किया जा रहा है।

पायरोटक के एमडी पीएस तलेसरा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य उन गुमनाम नायकों को सम्मानित करना है, जो पर्दे के पीछे रहकर सप्लाई चेन को सुचारू बनाए रखते हैं। वहीं सचिव पीपी भट्टाचार्य एवं कोषाध्यक्ष अनिल पारिख ने बताया कि ह्यश्रेष्ठमह्व अवॉर्ड्स की विशेषता यह है कि इसमें संगठनों के साथ-साथ व्यक्तियों को भी अपनी दक्षता और उपलब्धियों को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है।

**मध्यप्रदेश पुलिस की सतर्कता से लूट की तीन बड़ी वारदातों का खुलासा**

## 70 लाख रुपये से अधिक की नकदी व सामग्री जब्त, आरोपियों की गिरफ्तारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस ने अपराध नियंत्रण और नागरिक सुरक्षा के प्रति अपनी सख्त एवं सतत प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए प्रदेश के तीन अलग-अलग जिलों में हुई गंभीर लूट की घटनाओं का त्वरित और प्रभावी खुलासा किया है। इन कार्रवाइयों में न केवल लूट की वारदातों में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, बल्कि 70 लाख रुपये से अधिक की नगद राशि एवं बहुमूल्य सामग्री भी बरामद की गई है।

नरसिंहपुरः होटल में हुई करीब एक करोड़ की लूट का चंद घंटों में खुलासा

3 फरवरी की रात्रि करीब 3 बजे नरसिंहपुर नगर स्थित होटल कुमुम वैली में 3 से 4 नकाबपोश बदमाशों द्वारा लगभग एक करोड़ रुपये की नगद लूट की गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य भौतिक प्रमाणों के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान होटल मैनेजर की भूमिका संदिग्ध पाई गई। सख्ती से पूछताछ करने पर मैनेजर ने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की साजिश रचने की बात स्वीकार की। मैनेजर को होटल में रखी नगदी की पूर्व जानकारी थी, जिसका लालच में आकर उसने दुरुपयोग किया। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 60 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं।




राजगढ़ः नेशनल हाईवे पर लूट करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश

जिला राजगढ़ के थाना कुरावर क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर चार पहिया वाहन चालक को रोककर मिर्ची डालकर बंधक बनाने तथा उसके बैंक खाते से 1 लाख 26 हजार 400 रुपये आहरित करने की घटना का भी पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा किया है। पुलिस की विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राजस्थान के तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 26 हजार 400 रुपये नगद की शत-प्रतिशत बरामदगी, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

**छिंदवाड़ाः सराफा व्यवसायी से लूट का खुलासा, नाबालिग सहित चार गिरफ्तार**

छिंदवाड़ा जिले के थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत गांगीवाड़ा में एक सराफा व्यवसायी से साप्ताहिक बाजार से लौटते समय लूट की गंभीर वारदात हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अलग-अलग टीमें गठित कर डिजिटल



एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की। जांच के परिणामस्वरूप एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से करीब 2 किलो 300 ग्राम चांदी के जेवरात तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। इस कार्रवाई में पुलिस ने लगभग 9 लाख रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की है।

प्रदेश के तीनों मामलों में की गई इन त्वरित और प्रभावी कार्रवाइयों से यह स्पष्ट है कि मध्यप्रदेश पुलिस अपराधियों के विरुद्ध तकनीकी, समन्वित और सख्त कार्रवाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नागरिकों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कठोर कदम उठाए जा रहे हैं।

## अभिनय का सपना लेकर आई मुंबई, सह-निर्मात्री बनकर रचा नया मुकाम: सुनीता बीके

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म होगा क्या अब इन दिनों रिलीज को लेकर चचाओं में है और शीघ्र ही देश के विभिन्न सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम और मध्यप्रदेश के दर्शक इस फिल्म का आनंद ले सकेंगे। फिल्म से जुड़े कई रोचक किस्सों में एक खास नाम सह-निर्मात्री सुनीता बीके का भी है, जिनका सफर संघर्ष, संकल्प और नए अवसरों की मिसाल पेश करता है।

नेपाल की रहने वाली सुनीता बीके को बचपन से अभिनय में रुचि रही है। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर के रूप में पहचान बनाने के बाद उन्होंने वर्ष 2024 में बॉलीवुड में करियर बनाने के उद्देश्य से भारत आकर मुंबई का रुख किया। फिल्मों में अभिनय के लिए लगातार प्रयास किए, इसी दौरान उन्हें फिल्म होगा क्या अब के बारे में जानकारी मिली और वे निमार्ता सूरज विश्वकर्मा से मिलने पहुंचीं। हालांकि कहानी की आवश्यकता के अनुरूप उनके लिए कोई भूमिका नहीं थी, जिससे अभिनय का सपना उस समय अधूरा रह गया।

लेकिन यहीं से सुनीता बीके के जीवन में नया मोड़ आया। निमार्ता सूरज विश्वकर्मा ने उन्हें फिल्म से सह-निर्मात्री के रूप में जुड़ने का प्रस्ताव दिया। इस अवसर को स्वीकार करते हुए सुनीता बीके ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा और बतौर सह-निर्मात्री फिल्म का हिस्सा बनीं। फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने को लेकर वे खासा उत्साहित हैं और इसे अपने संघर्षपूर्ण सफर की महत्वपूर्ण उपलब्धि मानती हैं।

वास मूवीज एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी यह



फिल्म पारिवारिक और मनोरंजक कथानक पर आधारित है, जिसमें एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, फैमिली ड्रामा और सस्पेंस का संतुलित मेल देखने को मिलेगा। फिल्म में विकी पवार, चन्द्रशिखा श्रीवास, प्रियंका महाराज, कोमिका आंचल, संजय महानंद, पुष्पेंद्र सिंह, संगीता निषाद, अमित पटेल, श्री विश्वकर्मा, संदीप त्रिपाठी, पिंकू वर्मा, मुकेश पांडे, जेस डेजा, संजय राम, नैना लकड़ा, साहिल गिरी, ओविया, संजय बान, अंसार शेख, रश्मि जामदार, पारस राम चेलानी, मोहन वैरागडे, देवयानी खोरगड़े, छवि सोनवाने, खुशी यादव सहित अनेक कलाकारों ने अभिनय किया है।

फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी हेमन्त कुमार ने संभाली है, जबकि निमार्ता सूरज विश्वकर्मा और सह-निर्मात्री सुनीता बीके हैं। कार्यकारी निमार्ता मनीष शर्मा, प्रोडक्शन मैनेजर नीलाक्षी दूर्वा, कथा-पटकथा वीरेंद्र पाटले, संवाद लेखक हेमन्त कुमार, डीओपी रौशन खड़गी एवं राजबली राज, संपादन कृष्ण मुरारी, कोरियोग्राफी राजकुमार सेन, एक्शन निर्देशन जय बिष्ट व टारजन और पीआरओ युधिष्ठिर महतो हैं।

अभिनय की चाहत से शुरू हुआ सुनीता बीके का यह सफर आज फिल्म निर्माण तक पहुंच चुका है, जो यह दशार्ता है कि सिनेमा की दुनिया में अवसर कई रूपों में दस्तक देते हैं—जरूरत है तो केवल उन्हें पहचानने और स्वीकार करने की।

**हैदराबाद एसीबी की बड़ी कार्रवाई**

## डिप्टी एजुकेशनल ऑफिस के जूनियर असिस्टेंट को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

**हैदराबाद @ पदमावत मीडिया।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बार फिर रिश्वतखोर सरकारी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए शिक्षा विभाग के जूनियर असिस्टेंट को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी सिटी रेंजझक्क की टीम ने 4 फरवरी 2026 को डिप्टी एजुकेशनल ऑफिस, बंडलगुडा, हैदराबाद में कार्यरत जूनियर असिस्टेंट शिवा प्रसाद को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। एसीबी अधिकारियों के अनुसार आरोपी शिवा प्रसाद ने शिकायतकर्ता से उसके स्कूल को एसएससी बोर्ड परीक्षा केंद्रों की सूची से बाहर नहीं करने के एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने पर एसीबी ने योजना बनाकर जाल बिछाया और आरोपी को उसके कार्यालय में ही रिश्वत की रकम स्वीकार करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।



कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से रिश्वत की पूरी राशि 10 हजार रुपये बरामद की गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए आधिकारिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन न कर अनुचित लाभ प्राप्त किया। एसीबी ने आरोपी जूनियर असिस्टेंट शिवा प्रसाद को गिरफ्तार कर माननीय अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश (एसपीई एवं एसीबी प्रकरण), नामपल्ली न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की प्रक्रिया की गई। मामले की जांच जारी है। सुरक्षा कारणों से शिकायतकर्ता का विवरण गोपनीय रखा गया है। एसीबी अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई भी सरकारी कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है, तो तत्काल एसीबी को सूचना दें, ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

**मध्यप्रदेश पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

## वाहन किराये पर लेकर गिरवी रखने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस ने ग्वालियर एवं इंदौर जिलों में संगठित रूप से वाहन किराये पर लेकर उन्हें फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से गिरवी रखकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोहों के खिलाफ प्रभावी और समयबद्ध कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विगत 10 दिनों में की गई इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने 6 करोड़ 50 लाख रुपये से अधिक कीमत के 54 चारपहिया वाहन जब्त किए हैं।

**ग्वालियर में 15 वाहन जब्त**

ग्वालियर क्राइम ब्रांच पुलिस ने ट्रेवल्स संचालकों से चारपहिया वाहन किराये पर लेकर फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उन्हें अन्य व्यक्तियों के पास गिरवी रखकर अवैध रूप से आर्थिक लाभ उठाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्वयं को एक निजी कंपनी का मैनेजर बताकर बड़ी संख्या में वाहन किराये पर लेता था और बाद में उन्हें गिरवी रख देता था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने



लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपये कीमत के 15 चारपहिया वाहन विधिवत जब्त किए हैं।

**इंदौर में 39 चारपहिया वाहन जब्त**

इसी तरह इंदौर जिले के थाना अन्नपूर्णा क्षेत्र में पुलिस ने वाहन किराये पर लेकर धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी वाहन मालिकों से 11 माह का लिखित एग्रीमेंट कर कारें किराये पर लेता था। प्रारंभ में 2झ3 माह तक किराया देने के बाद वह वाहनों को अन्य व्यक्तियों के पास गिरवी रख देता था। आरोपी वाहनों में लगे जीपीएस सिस्टम हटाकर वाहन मालिकों को किराया देना बंद कर देता था। मामले में फरियाद मिलने के बाद विवेचना शुरू की गई, जिसके दौरान 40 से अधिक वाहन मालिकों द्वारा

**6 करोड़ 50 लाख रुपये से अधिक कीमत के 54 चारपहिया वाहन जब्त**

आरोपी के विरुद्ध आवेदन प्रस्तुत किए गए। जांच में आरोपी द्वारा बड़े स्तर पर संगठित वाहन धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के 39 चारपहिया वाहन जब्त किए हैं।

**संगठित धोखाधड़ी पर कड़ा प्रहार**

ग्वालियर और इंदौर जिलों में की गई इन संयुक्त कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप कुल 54 चारपहिया वाहन जब्त किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 6 करोड़ 50 लाख रुपये से अधिक है। मध्यप्रदेश पुलिस की इस सख्त और प्रभावी कार्रवाई से न केवल संगठित वाहन धोखाधड़ी का पदार्फाश हुआ है, बल्कि बड़ी संख्या में वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान से भी राहत मिली है। पुलिस द्वारा प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है।

## महावीर इंटरनेशनल उदयपुर द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महावीर इंटरनेशनल की ओर से विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। अध्यक्ष वीर रवीन्द्र सुराणा व सचिव वीर सुरेश बाड़ीवाल ने बताया कि हमारे अपेक्स के निर्देशों के तहत हमारे केन्द्र द्वारा बुधवार को तुलसी निकेतन आवासीय विद्यालय, हिरण मगरी सेक्टर 4 से प्रातः 9 बजे तुलसी निकेतन विद्यालय के छात्रों के साथ भव्य जागरूकता रैली निकाली गई।





इस रैली का संचालन केन्द्र के उपाध्यक्ष वीर अरुण कुमार कोठारी और कोषाध्यक्ष वीर सीए अशोक खुर्दिया के नेतृत्व में किया गया। अध्यक्ष सुराणा ने बताया की रैली में छात्रों के विशाल समूह द्वारा अपेक्स की ओर से जारी 7 बेनरों को लेकर जागरूकता संदेश दिया गया। इन पोस्टरों में कैंसर रोग से बचाव, प्लास्टिक बैग के उपयोग को खत्म करने, स्वच्छता रखने, पर्यावरण की रक्षा करने, जल को व्यर्थ समुद्र में जाने से रोकने और इसका खेती में उपयोग करने संबंधी संदेश प्रसारित किए गए। छात्रों द्वारा नारे लगा कर भी इन संदेशों को जन समूह तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई गई। सुराणा ने बताया कि महावीर विद्या मंदिर घंटा घर ने भी कैंसर जागरूकता रैली का आयोजन किया वहा पर वीर नकुल मेहता के नेतृत्व में रैली निकाली गई और लोगों को जागरूक किया गया इस रैली में जोन चेयरपर्सन डॉ हंसा हिंगड़, जोन सचिव वीर राज कुमार नलवाया, केन्द्र उपाध्यक्ष वीर अरुण कुमार कोठारी, उपाध्यक्ष वीर प्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष वीर सीए अशोक खुर्दिया, संयुक्त सचिव वीर राजेन्द्र सिंह भण्डारी, वीरा कान्ता कोठारी, वीरा स्वराज जैन, वीर एम पी जैन, वीरा मधु मित्तल, वीर राजेन्द्र कुमार सुराणा, वीरा उषा सुराणा और वीर संजय बढ़ाला ने रैली में भाग लेकर केंसर जैसे खतरनाक रोग के कारणों, इससे बचाव का संदेश जन-जन को देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इस अवसर पर वीर रवीन्द्र सुराणा ने बताया कि जनाना एव बाल अस्पताल में 75 बेबी किट व पेटीकोट बर्तन का निशुल्क वितरण किया गया इस अवसर पर सचिव वीर सुरेश बडियाल ने बताया कि दिव्य मदर मिल्क में फ्रूट का वितरण किया गया अध्यक्ष सुराणा ने बताया कि चार माह में नई कार्यकारिणी ने 205 सेवा प्रकल्प पूरे कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सुराणा ने बताया कि इस माह में शिक्षा एव छात्रवति ने 300 बच्चों को सहयोग किया जाएगा

# केंद्रीय बजट 2026 में बच्चों के लिए बजटीय आवंटन बढ़ा

## जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने किया स्वागत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com






**नई दिल्ली।** बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र में कार्यरत संगठनों ने केंद्रीय बजट 2026 का स्वागत किया है। बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए कार्य कर रहे 250 से अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने बच्चों के लिए बजटीय आवंटन में निर्णायक और लंबे समय से प्रतीक्षित बढ़ोतरी को सकारात्मक कदम बताया है।

बजट के अनुसार भारत में बच्चों के कल्याण के लिए कुल बजटीय आवंटन वित्त वर्ष 2025-26 के 1,16,133 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में 1,32,297 करोड़ रुपये हो गया है, जो लगभग 14 प्रतिशत की वृद्धि है।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के राष्ट्रीय संयोजक रवि कांत ने कहा कि यह बजट बाल अधिकारों और बच्चों की शिक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। एक दशक से अधिक समय में पहली बार कुल संघीय बजट में बच्चों के लिए आवंटन का हिस्सा बढ़ा है। वित्त वर्ष 2026-27 में बच्चों के कल्याण के लिए 14 प्रतिशत की वृद्धि न केवल महत्वपूर्ण है, बल्कि समय की आवश्यकता भी है। कौशल विकास, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, जनजातीय कार्य, अल्पसंख्यक कल्याण और जल जीवन मिशन जैसे क्षेत्रों में बढ़ा हुआ आवंटन विकसित भारत और बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में ठोस नीतिगत संकेत देता है।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह सामाजिक और आर्थिक असमानताओं का कारण भी है और परिणाम भी। वर्ष 2026 का बजट बालिकाओं की शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता में निवेश कर इन चुनौतियों से निपटने की दिशा में अहम कदम है। बालिकाओं के सशक्तीकरण के बिना वर्ष 2030 तक बाल विवाह के उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त करना कठिन होगा।

## खबर संक्षेप

### स्थापना दिवस पर गौ माता की हुई सेवा, गरीबों को कराया भोजन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रवासी अग्रवाल महिला समिति की प्रचार प्रसार मंत्री शारदा अग्रवाल ने बताया कि समाज की स्थापना को 35 वर्ष पूर्ण होने पर



महिला समिति की अध्यक्षा रमा मित्तल व सचिव संतोष पित्ती के मार्गदर्शन में गौशाला जाकर गौ माता को चारा गुड एवं लापसी खिलाई गई। वहीं हॉस्पिटल जाकर भोजनशाला में मरीजों व उनके परिजनों को भोजन करवाया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी के एम जिंदल, बालमुकुंद पित्ती, सचिव राजेश अग्रवाल, सी पी बंसल, रविन्द्र अग्रवाल, संदीप गोयल एवं ज्ञानेश्वर बंसल उपस्थित रहें। वहीं महिला समिति की ओर से मधु गर्ग, लीलावती मित्तल, मनिता, शशि पित्ती, अनामिका व कुसुम गोयल आदि कार्यकारिणी की अन्य महिलाएं भी उपस्थित रही। प्रवासी महिला समिति प्रत्येक वर्ष समाज के स्थापना दिवस पर यह कार्य करती आई है।

### मोदरान स्टेशन पर रेल ठहराव की मांग को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने लिखा पत्र

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल @ पदमावत मीडिया।** भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने दक्षिण भारत सहित देश के विभिन्न राज्यों में निवासरत प्रवासियों एवं जिले के नागरिकों की लंबे समय से लंबित मांग को गंभीरता से लेते हुए चेन्नई सेंट्रलझ्रभगत की कोठी रेलगाड़ी के मोदरान स्टेशन पर ठहराव को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर अवगत कराया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने अपने पत्र में रेलगाड़ी संख्या 20625झ्र20626 चेन्नई सेंट्रलझ्रभगत की कोठी के मोदरान स्टेशन पर ठहराव की आवश्यकता बताते हुए उल्लेख किया कि यह रेल सेवा दक्षिण भारत से राजस्थान आने-जाने वाले हजारों प्रवासी परिवारों, श्रमिकों, विद्यार्थियों एवं व्यापारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदरान स्टेशन पर ठहराव नहीं होने से यात्रियों को वर्तमान में दूरस्थ स्टेशनों तक जाना पड़ता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ, समय की हानि एवं असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को भी पत्र प्रेषित कर मोदरान स्टेशन पर रेल ठहराव के लिए प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी पहल करने का आग्रह किया है। जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने बताया कि मोदरान स्टेशन के आसपास का क्षेत्र धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक एवं व्यापारिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदरान ग्राम के समीप स्थित आशापुरा माताजी का प्राचीन एवं प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जहां वर्षभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। इसके अतिरिक्त मोदरान स्टेशन लगभग 50 से अधिक गांवों की आबादी के लिए आवागमन का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने बताया कि मोदरान क्षेत्र प्रवासी समाज की दृष्टि से भी अत्यंत सक्रिय है, जहां से बड़ी संख्या में लोग तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश सहित अन्य राज्यों में रोजगार एवं व्यापार से जुड़े हुए हैं। ऐसे में चेन्नई सेंट्रलझ्रभगत की कोठी रेलगाड़ी का मोदरान स्टेशन पर ठहराव होने से प्रवासियों को अपने गृह क्षेत्र से सीधा एवं सुविधाजनक रेल संपर्क प्राप्त होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि क्षेत्रवासियों एवं प्रवासियों की इस जनहितकारी मांग पर केंद्रीय रेल मंत्रालय सकारात्मक निर्णय लेते हुए शीघ्र ठहराव स्वीकृत करेगा, जिससे मोदरान क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और आमजन को राहत मिलेगी।

### जलापूर्ति रहेगी बाधित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** यूडीए की ओर से नांदेश्वर राइजिंग मेन पाइपलाइन के वॉल शिफ्टिंग के कारण नगर उपखंड सप्तम से होने वाली जलापूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय ने बताया कि गणेश नगर पहाड़ा, यूनिवर्सिटी रोड, बड़ी पीपली, छोटी पीपली, गमेती मोहल्ला, प्रेम डेयरी, सरस्वती स्कूल आदि क्षेत्र की शुक्रवार को होने वाली जलापूर्ति बाधित होगी।

## ग्रामोत्थान शिविरों में किसानों को त्वरित राहत, योजनाओं का मिला सीधा लाभ

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में के ग्रामोत्थान शिविर (सशक्त किसान-समृद्ध राजस्थान) के तहत गुरुवार को जिले के विभिन्न गिरदावर सर्कल में आयोजित शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं का त्वरित लाभ प्रदान किया गया। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने बताया कि गिरदावर सर्किल ईसवाल मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत ईसवाल में गुरुवार को आयोजित ग्रामोत्थान शिविर में ग्राम डूलावतो का गुड़ा निवासी वाली बाई पत्नी बंसीलाल पालीवाल को कृषि विभाग की फार्म पोण्ड योजना के अंतर्गत 73 हजार 500 की वित्तीय स्वीकृति मौके पर प्रदान की गई। शिविर में त्वरित स्वीकृति मिलने पर उन्होंने खुशी जताते हुए राज्य सरकार एवं ग्रामोत्थान शिविरों की सराहना की। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने मुख्यमंत्री श्री शर्मा का आभार व्यक्त किया।




इसी क्रम में गिरदावर सर्किल घासा की ग्राम पंचायत घासा में हनुमान पार्क में आयोजित ग्रामोत्थान शिविर में कृषि विभाग द्वारा श्री परता पिता प्यारा को फार्म पोण्ड निर्माण पर 63 हजार की सब्सिडी राशि प्रदान की गई। लाभार्थी ने बताया कि पूर्व में सिंचाई के लिए पानी की समस्या के कारण खेती प्रभावित हो रही थी, लेकिन फार्म पोण्ड निर्माण से वर्षा जल संग्रह कर सिंचाई संभव हो सकी और फसल उत्पादन में वृद्धि हुई। उन्होंने इसके लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

## निकाय चुनावों में अपने दम पर ताल ठोकेंगे, शीघ्र जनसंपर्क कार्यक्रम शुरू होगा : पंकज सुखवाल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** आगामी निकाय चुनावों को लेकर शहर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। युवा नेता पंकज सुखवाल ने नगर निगम चुनावों में अपने दम पर 30 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी उतारने की घोषणा करते हुए चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इसके साथ ही उन्होंने एक व्यापक जनसंपर्क अभियान ह्लपंकज सुखवाल आपके द्वारह्व शुरू करने का ऐलान किया है, जो आगामी 10 फरवरी से प्रारंभ होगा।

पंकज सुखवाल ने कहा कि बीते 30 वर्षों से नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अब जनता खुद निर्णायक भूमिका निभाएगी। इस अभियान के तहत वे सीधे जनसामान्य से संपर्क कर प्रत्येक वार्ड में योग्य, ईमानदार और शिक्षित युवाओं को आगे लाने का प्रयास करेंगे, ताकि जनता स्वयं अपने बीच से प्रत्याशी चुनकर चुनाव मैदान में उतारे।

उन्होंने बताया कि ह्लपंकज सुखवाल आपके द्वारह्व कार्यक्रम केवल चुनावी प्रचार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह जनभागीदारी आधारित आंदोलन होगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में सरकारी विभागों से सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों, समाज में योगदान देने वाले अनुभवी व्यक्तियों एवं मेधावी छात्रों का सम्मान किया जाएगा, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाए।

इसके साथ ही वार्डों में व्याप्त समस्याओं को चिन्हित करने और उनके व्यावहारिक समाधान खोजने के लिए जनता से सुझाव लिए जाएंगे। इसके लिए विशेष फॉर्म-फॉर्मेट तैयार किए जाएंगे, जिनके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं और समाधान लिखित रूप में साझा करेंगे। इन सुझावों को आगामी नीतियों और कार्ययोजनाओं का आधार बनाया जाएगा। पंकज सुखवाल ने स्पष्ट किया कि यह पहल केवल चुनाव जीतने के लिए नहीं, बल्कि शहर के विकास और स्वच्छ, पारदर्शी नगर निगम व्यवस्था की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता का समर्थन और सक्रिय सहभागिता इस अभियान को नई दिशा देगी।

## उदयपुर में वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी की जरूरत

# सीनियर नेशनल कयाकिंग में उदयपुर के हर्षवर्धन ने जीते दो स्वर्ण पदक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** सीनियर नेशनल कयाकिंग केनोइंग प्रतियोगिता में उदयपुर के युवा खिलाड़ी हर्षवर्धन सिंह सक्तावत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर न केवल उदयपुर बल्कि पूरे राजस्थान का नाम रोशन किया है। हर्षवर्धन ने के-1 500 मीटर एवं के-1 200 मीटर स्पधाओं में हिट्स, सेमीफाइनल और फाइनल में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। फाइनल मुकाबले में उन्होंने एसएससीबी इंडियन पुलिस के दिग्गज खिलाड़ियों को पराजित किया।

राजस्थान कयाकिंग संघ के सचिव दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि यह पहली बार है जब किसी खिलाड़ी ने सीनियर नेशनल कयाकिंग केनोइंग प्रतियोगिता में इन दोनों स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीते हैं। मात्र 21 वर्षीय हर्षवर्धन सिंह सक्तावत ने फतहसागर झील में तैराकी से अपने खेल जीवन की शुरूआत की थी। कोविड काल में तरणताल बंद होने के बाद उन्होंने फतहसागर झील में कयाकिंग केनोइंग का अभ्यास शुरू किया और लगातार मेहनत के बल पर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाई। राजस्थान कयाकिंग केनोइंग संघ के अध्यक्ष भगवान स्वरूप वैष्णव ने बताया कि हर्षवर्धन पिछले दो वर्षों से भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित एनसीओई योजना के तहत भोपाल में प्रशिक्षण ले रहे थे। जूनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन के बाद उनका चयन हाई परफॉर्मेंस अकादमी में हुआ। वर्तमान में वे उत्तराखंड के टिहरी में टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा संचालित ओलंपिक स्तर की हाई परफॉर्मेंस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जहां उन्हें विदेशी एवं भारतीय प्रशिक्षकों द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

संघ के चेयरमैन चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने कहा कि उदयपुर में फतहसागर जैसी प्राकृतिक जलराशि उपलब्ध होने के बावजूद यहां वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी का अभाव है। इसके कारण खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए अन्य राज्यों में जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कयाकिंग केनोइंग में राजस्थान के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर परिणाम दे रहे हैं, फिर भी स्थानीय स्तर पर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। महिला और बालिका खिलाड़ी बाहर जाकर प्रशिक्षण लेने में असमर्थ रहने के कारण इस खेल को छोड़ने को मजबूर हो रही हैं। दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि हर्षवर्धन सिंह विगत दो वर्षों से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं और इस वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने की उनकी संभावनाएं प्रबल हैं। वर्तमान में वे एशियाई खेलों की तैयारी में जुटे हुए हैं और हाई परफॉर्मेंस अकादमी के अंतर्गत नियमित परीक्षण एवं विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

हर्षवर्धन की इस उपलब्धि पर राजस्थान कयाकिंग संघ के पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने उन्हें और उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं तथा उदयपुर में वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना की मांग को एक बार फिर मजबूती से उठाया।

# राह चलती युवतियों पर हमला करने वाला सीरियल कटर बदमाश भोपाल पुलिस की गिरफ्त में

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



### डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कार्यवाही में शामिल पूरी टीम को 50 हजार रूपए के पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की

**भोपाल।** भोपाल शहर में राह चलती युवतियों को निशाना बनाकर कटर से हमला करने वाले आदतन अपराधी को भोपाल पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्?त की है। इस सफलता पर पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने भोपाल पुलिस टीम को 50 हजार रूपए के पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

उल्लेखनीय है कि आरोपी देवेन्द्र अहिरवार द्वारा 29 जनवरी की रात्रि सोनागिरी, पिपलानी तथा अयोध्यानगर थाना क्षेत्र में कुल चार युवतियों पर कटर से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई गई थीं। उक्त घटनाओं के संबंध में थाना पिपलानी एवं थाना अयोध्यानगर में पृथक-पृथक चार अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

घटनाओं की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस आयुक्त श्री संजय कुमार के निर्देशन में अति. पुलिस आ?ुक्त श्री अवधेश गोस्वामी के मार्गदर्शन में विशेष टीमों का गठन किया गया। जोन-स्तर एवं क्राइम ब्रांच की कुल 40 टीमों में लगभग 150 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी लगाए गए। पुलिस टीमों द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर व्यापक जांच की गई। लगभग 900 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया, 600 से अधिक पुराने बदमाशों का सत्यापन किया गया तथा करीब 100 संदिग्धों को पूछताछ हेतु राउंड-अप किया गया। आरोपी के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसका हुलिया एवं फोटो सार्वजनिक कर गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया।

लगातार सघन खोज अभियान के दौरान पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर अयोध्या बायपास, छोलामंदिर क्षेत्र के समीप जंगल क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी देवेन्द्र अहिरवार पिता हरज्ञान अहिरवार, उम्र 37 वर्ष, निवासी घसेरा मोहल्ला राहतगढ़ जिला सागर, हाल निवासी पूजा कॉलोनी करोंद, भोपाल को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कटर, चोरी की गई मोटरसाइकिल, कपड़े एवं अन्य सामग्री जप्त की गई है।

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने उक्त चार घटनाओं के अतिरिक्त वर्ष 2014 में सागर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी कटर से कई वारदातें की थीं। आरोपी द्वारा चार माह पूर्व करोंद सब्जी मंडी क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिल का उपयोग इन घटनाओं में किया गया था। पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भारती हॉस्पिटल एवं सोनोग्राफी सेंटर रेवदर की पहल

### अब सामान्य प्रसव मात्र दो हजार रुपये में

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल @ पदमावत मीडिया।** भारती हॉस्पिटल एवं सोनोग्राफी सेंटर, रेवदर की ओर से सामाजिक सरोकार के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक अनूठी पहल शुरू की गई है। फरवरी माह से हॉस्पिटल में सामान्य प्रसव मात्र दो हजार रुपये में कराए जाएंगे, वहीं सोनोग्राफी जांच के लिए केवल चार सौ रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।



इस पहल से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। इसका लाभ न केवल सिरोही जिले बल्कि जालोर जिले एवं गुजरात के समीपवर्ती क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों को भी मिलेगा। भारती हॉस्पिटल एवं सोनोग्राफी सेंटर की इस पहल की स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा सराहना की गई है।

योजना के तहत उर्मिलादेवी पत्नी अशोककुमार कोली निवासी मीठन, सीतादेवी पत्नी प्रकाशकुमार निवासी गांव उड़वारिया तथा फैंसीदेवी पत्नी लालाराम कोली निवासी निंबोड़ा को दो हजार रुपये वाली सामान्य प्रसव योजना का लाभ प्रदान किया गया।

इस सेवा में डॉ. मेहुल, डॉ. भार्गव देवासी, नेतल राठौड़, रमीला, भरत बारोट, जयंतीलाल कोली दोलपुरा, तंजीम जैदी, अकीला, भगवंती मेघवाल, प्रसव सखी गवरीदेवी कोली वासन, प्रसव सखी पंखुदेवी कोली निवासी दादरला तथा डॉ. एस.के. कलबी की टीम शामिल है। हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को इस योजना की जानकारी देकर इसका लाभ दिलाने में सहयोग करें।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन कार्यक्रम लवकुश शिक्षण संस्थान में आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com








### सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात नियमों का पालन आवश्यक : जिला कलेक्टर अवधेश मीना

**सलूंबर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला का समापन समारोह लवकुश शिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सुरक्षित यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी विपिन महेश्वरी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए सभी की भागीदारी आवश्यक है तथा जागरूकता के माध्यम से ही सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रत्येक नागरिक को यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की अवस्था में वाहन नहीं चलाना तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने जैसे नियमों के पालन से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर कमलेश बामणिया की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। इस अवसर पर सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई, जिसमें यातायात नियमों के पालन एवं दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।

मुख्य अतिथि सलूंबर विधायक शांता अमृत लाल मीना ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक माह का अभियान नहीं, बल्कि यह निरंतर निभाई जाने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है। बच्चों और युवाओं को प्रारंभ से ही यातायात नियमों की जानकारी देकर जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सकता है। विद्यालय स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में सहायक होंगे।

आधार फाउंडेशन के नारायण चौधरी द्वारा दुर्घटना के दौरान गोल्डन आवर एवं गुड सेमेरिटन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

समारोह के अंत में सड़क सुरक्षा माह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों एवं सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। मंच संचालन हिमांशु भट्ट द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के समापन पर परिवहन निरीक्षक राजेश पाठक ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षकगण, विद्यार्थी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।